

# गुना जिला

नवभारत
भोपाल, रविवार 12 अप्रैल, 2026

## एक नजर में

### आज इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली बंद

**गुना।** शहर के कैंट और नानाखेड़ी क्षेत्र से जुड़े दर्जनों मोहल्लों में रविवार, 12 अप्रैल को बिजली की आवाजाही प्रभावित रहेगी। रविवार सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कुल 5 घंटों के लिए विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस कटौती का असर शहर के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा, जिनमें मुख्य रूप से गोपालपुरा, एमपी नगर, नानाखेड़ी, यादव रॉयल सिटी, पेंशनर मोहल्ला, ऊमरी हाउस, पुलिस कंट्रोल रूम, वृद्धाश्रम, भगतसिंह कॉलोनी, सामरसिंगा, पटेल नगर, ढौंगापुरा, गुलाबगंज, खेजरा रोड, कालापाठा, कैंट चौराहा, कैंट सब्जी बाजार, कांजी हाउस और तकिया मोहल्ला जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### युवक का दावा, मुझसे 20 हजार रुपए लूट हुई

**गुना।** शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में शुक्रवार रात एक युवक के साथ लूट और मारपीट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पीड़ित का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुँचा, तो पुलिस ने मामला दर्ज करने के बजाय उसे धमकाकर वहाँ से भगा दिया। जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय सोनू पुत्र हजरत सिंह यादव, निवासी हड्डीमील, शुक्रवार रात करीब 10 बजकर 30 मिनट पर बस स्टैंड क्षेत्र से गुजर रहा था। पीड़ित का दावा है कि उसी दौरान चार बदमाशों ने उसे घेर लिया। जिन्हें व्यक्तिगत तौर पर जानता है। बदमाशों ने सोनू के साथ जमकर मारपीट की और उसके पास रखे 20 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

घटना के तुरंत बाद पीड़ित न्याय की गुहार लगाने कोतवाली थाना पहुँचा। सोनू का आरोप है कि पुलिस ने तत्परता दिखाने के बजाय उसके साथ अभद्र व्यवहार किया।

# बमोरी के जंगलों में लापरवाही का 'शिकार'

## डीएफओ ने तीन वनकर्मियों को किया सस्पेंड, अतिक्रमण और अवैध उत्खनन पर बड़ी चोट

नवभारत न्यूज

**गुना 11 अप्रैल का। जिले में वन संपदा की सुरक्षा को लेकर वन विभाग अब 'एक्शन मोड' में नजर आ रहा है। बमोरी वन परिक्षेत्र में ड्यूटी के दौरान आंखें मूंदकर बैठने वाले कर्मचारियों पर गाज गिरी है। वन मण्डल पदाधिकारी अक्षय राठौर ने कर्तव्य में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में विशनवाड़ा के परिक्षेत्र सहायक सहित दो बीटगार्डों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई ने विभाग के भीतर हड़कंप मचा दिया है और स्पष्ट संदेश दिया है कि वनों के साथ खिलवाड़ करने वालों और उन्हें मूक सहमति देने वालों की अब खैर नहीं।**




दरअसल, वनों की सुरक्षा का दावा करने वाले जमीनी अमले की पोल उस समय खुली जब वरिष्ठ अधिकारी खुद धरातल पर उतरे। 2 अप्रैल को वन संरक्षक शिवपुरी वृत्त और डीएफओ गुना अक्षय राठौर ने संयुक्त रूप से बमोरी परिक्षेत्र का औचक दौरा किया था। इस दौरान विशनवाड़ा 'ब' और परांठ बीट के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कक्षों में सड़क किनारे जो नजारा दिखा, वह चौंकाने वाला था। अधिकारियों ने देखा कि बड़े पैमाने पर वनक्षेत्र में अतिक्रमण कर लिया गया है। अवैध रूप से पत्थरों का उत्खनन कर नवीन दीवारें खड़ी कर दी गई थीं और हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर अवैध कटाई की गई थी। अधिकारियों को संदेह हुआ कि इतना बड़ा काम बिना स्थानीय अमले की मिलीभगत या घोर लापरवाही के संभव नहीं है।

**इन पर गिरी निलंबन की गाज**

डीएफओ अक्षय राठौर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने वाले प्रभात कुमार वाजपेयी परिक्षेत्र सहायक, विशनवाड़ा (कार्यवाहक वनपाल), शैलेन्द्र रघुवंशी बीटगार्ड, विशनवाड़ा 'ब' (वनरक्षक), दिलीप कुमार मीना बीटगार्ड, परांठ बीट (वनरक्षक) को निलंबित किया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि इन कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध कार्यों और अतिक्रमण की पूरी जानकारी थी। इसके बावजूद उन्होंने न तो मौके पर कोई कानूनी कार्रवाई की और न ही समय रहते वरिष्ठ कार्यालय को इसकी सूचना देना उचित समझा।

**दोबारा जांच में गायब मिले वन रक्षक**

7 अप्रैल को डीएफओ अक्षय राठौर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे स्टाफ के साथ दोबारा निरीक्षण किया। इस बार भी मौके पर अतिक्रमण और अवैध दीवारें वैसी ही मिलीं, लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि जिन बीटों पर यह अवैध काम चल रहा था, वहां के जिम्मेदार कर्मचारी अपनी ड्यूटी से ही नदारद पाए गए। वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर मौजूद न मिलना अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा माना गया।

**बदले गए मुख्यालय, स्टॉफ में हड़कंप**

निलंबन की इस कार्रवाई के साथ ही तीनों कर्मचारियों के मुख्यालय भी बदल दिए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान प्रभात वाजपेयी का मुख्यालय वन परिक्षेत्र बीनागंज तय किया गया है, जबकि शैलेन्द्र रघुवंशी का मुख्यालय म्याना (मकसूदनगढ़) और दिलीप कुमार मीना का मुख्यालय भी अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। नियमों के अनुसार इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। डीएफओ अक्षय राठौर की इस सख्त कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि गुना जिले में वन भूमि पर अवैध कब्जा, पत्थरों का अवैध उत्खनन और पेड़ों की कटाई के खिलाफ अब शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। जंगल के 'रक्षक' अगर 'भक्षक' बनेंगे या आंखें मूंदेंगे, तो उन्हें भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# संपत्ति का लालच : बड़े भाई ने अपने हिस्से की जमीन बेचकर छोटे भाई के घर पर किया कब्जा

**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊमरी गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहाँ एक बड़े भाई ने न केवल अपने छोटे भाई की संपत्ति पर अवैध कब्जा कर लिया, बल्कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की कोशिश भी की। घायल छोटे भाई को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऊमरी निवासी रवि कुशवाह का अपने सगे बड़े भाई के साथ लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि बड़े भाई ने पूर्व में अपने हिस्से की पूरी जमीन और मकान बेच दिया था। अपनी संपत्ति बेचने के बाद, वह जबरन रवि कुशवाह के मकान में रहने लगा। रवि ने भाई होने के नाते उसे आश्रय दिया, लेकिन अब बड़े भाई की नीयत रवि की संपत्ति पर भी खराब होने लगी है। घटना वाले दिन रवि ने अपने बड़े भाई से अपना मकान खाली करने के लिए कहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई, भाभी और उनके बेटे ने मिलकर रवि पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान रवि के सिर पर गंभीर चोट आई है और उसका सिर फट गया। पीड़ित रवि कुशवाह ने म्याना थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। रवि का आरोप है कि उसका बड़ा भाई अपनी सारी संपत्ति ठिकाने लगाने के बाद अब उसे भी बेघर करने की साजिश रच रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# फतेहगढ़ पुलिस की तत्परता : भिडरा निवासी विवाहिता से दुष्कर्म का आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में फतेहगढ़ थाना पुलिस ने एक विवाहिता से दुष्कर्म के मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल को फतेहगढ़ थाने में 35 वर्षीय एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि ग्राम



भिंडरा निवासी गोविंद अहिरवार पिछले करीब दो वर्षों से उसके साथ जबरन गलत काम कर रहा था। आरोपी उसे जान से मारने और समाज में बदनाम करने की धमकी देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गोविंद अहिरवार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 66/26, धारा 64(2)(एम) और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी ने एक विशेष टीम गठित की। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और संभावित ठिकानों पर दबिश दी। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने प्रभावी घेराबंदी करते हुए आरोपी गोविंद पुत्र रामभरोसा अहिरवार (27 वर्ष) को 12 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# अन्नपूर्णा कॉलोनी में घर के बाहर से मोटर साइकिल चोरी

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर की पॉश कॉलोनियों में भी अब वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती 9 अप्रैल की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अन्नपूर्णा कॉलोनी में एक घर के बाहर से अज्ञात चोर ने मोटरसाइकिल पार कर दी। चोरी की यह पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।**

जानकारी के अनुसार, अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी विनायक दुबे, पुत्र प्रदीप कुमार दुबे ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08 एम क्यू 4814 रात करीब 9 बजे घर के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद वह अपने निजी काम से घर के अंदर चले गए। करीब एक घंटे बाद, जब वे रात 10 बजे किसी काम से बाहर आए, तो उनके होश उड़ गए। घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद जब विनायक ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो उसमें एक अज्ञात व्यक्ति उनकी मोटरसाइकिल ले जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। फुटेज में चोर बड़ी ही सफाई से वाहन को ले जाता नजर आ रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित विनायक दुबे ने तत्काल इस मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी है। उन्होंने आवेदन देकर पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जाए और उनकी मोटरसाइकिल बरामद करवाई जाए। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जन्मदिन पार्टी के दौरान दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पूर्व पार्षद सहित 6 घायल

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 नानाखेड़ी इलाके में शुक्रवार देर रात जन्मदिन की पार्टी खूनी संघर्ष में बदल गई। कुशवाह और रघुवंशी परिवार के बीच हुए इस विवाद में पूर्व पार्षद सहित कुल 6 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ उनका उपचार जारी है। घटना रात लगभग 9:30 से 10:00 बजे के बीच की है। मिली जानकारी के अनुसार, रघुवंशी परिवार में जन्मदिन का जश्न मनाया जा रहा था। प्रथम पक्ष के घायल श्याम सिंह कुशवाह का आरोप है कि



पड़ोसी पुष्पेंद्र, आकाश, दीपेंद्र रघुवंशी और आनंद कुशवाह आए दिन मोहल्ले में उत्पात मचाते हैं। शुक्रवार रात भी वे हंगामा और गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्हें टोका गया, तो उन्होंने कुशवाह परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष की नीतू रघुवंशी का कहना है कि उनके बेटे आकाश का जन्मदिन था। उनके मुताबिक, पड़ोसी कुशवाह परिवार जश्न का वीडियो बना रहे थे, जिसका विरोध करने पर विवाद शुरू हुआ। रघुवंशी परिवार ने कुशवाह पक्ष पर मारपीट, घर में तोड़फोड़, लूटपाट और फायरिंग करने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाद के दौरान कुशवाह पक्ष ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से पिकअप वाहन से कुचलने की कोशिश की। इस हमले में वर्तमान पार्षद राधा कुशवाह के ससुर और पूर्व पार्षद गेंदालाल कुशवाह सहित राजू कुशवाह, श्याम सिंह और दिलीप कुशवाह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उधर, रघुवंशी पक्ष से नीतू रघुवंशी और उनका बेटा आकाश भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# बिना परमिशन गड्ढे खोद रही मोबाइल कंपनी पर गिरी गाज

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर की चमचमाती नई सड़कों को छलनी करने वाली मोबाइल कंपनियों और लापरवाह अफसरों की अब खैर नहीं है। शनिवार को नगर पालिका सीएमओ मंजुषा खत्री ने वार्ड क्रमांक 18 में औचक निरीक्षण कर न केवल अवैध खुदाई रुकवाई, बल्कि संबंधित कंपनी और नपा के जिम्मेदार इंजीनियर को कड़ा नोटिस थमाकर हड़कंप मचा दिया।**

शहर के भार्गव एवं नजूल कॉलोनी के निवासियों ने शिकायत की थी कि मोबाइल कंपनियां अपनी मर्जी से नवनिर्मित सड़कों को खोद रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ मंजुषा खत्री खुद मोर्चा संभालने सड़क पर उतरीं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि



एयरटेल कंपनी ने अंडरग्राउंड केबल बिछाने के नाम पर जगह-जगह गहरे गड्ढे खोद दिए थे। हैरानी की बात यह थी कि इन गड्ढों को न तो भरा गया था और न ही कंपनी ने नगर पालिका से इसकी कोई अनुमति ली थी। खुदाई का तमाशा और सड़कों की बदहाली देख सीएमओ का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद तकनीकी अमले और इंजीनियरों पर जमकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर बिना अनुमति के शहर की नई सड़कों को कैसे खोदा जा रहा था? सीएमओ ने तत्काल काम रुकवाने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद कैलाश धाकड़ और स्थानीय नागरिकों ने सीएमओ को अपनी समस्याएं बताईं। सीएमओ ने पार्क के पास पड़े मलबे को तत्काल प्रभाव से हटवाया और नालियों की सफाई के लिए अमले को निर्देशित किया। उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर वाजिब शिकायत का निराकरण प्राथमिकता से होगा।

**वार्ड 27 में भी पहुंचा अमला**

वार्ड 18 के बाद सीएमओ का काफिला वार्ड क्रमांक 27 की राधा एवं हनुमान कॉलोनी पहुँचा। यहाँ नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया गया। सीएमओ ने तकनीकी अमले को चेतावनी देते हुए कहा कि फील्ड पर नियमित निरीक्षण करें, ताकि कोई भी कंपनी या ठेकेदार मनमानी न कर सके।

# सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित



**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के 'गांव चलो, बस्ती चलो अभियान' के तहत शनिवार को गुना विधानसभा के विभिन्न गांवों और बस्तियों में जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ग्राम गड़लागिर्द, देहरी और बूड़ाखेड़ा पहुंचकर ग्रामीणों के साथ चौपाल सजाई और सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन कार्यों ने गरीब, किसान और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकारें समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा की नीतियों से युवा, नारी शक्ति और किसानों का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।

# 9 साल पुराने मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत धरनावदा थाना पुलिस ने 9 साल पुराने एक प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर एवं एसडीओपी दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू अहिरवार निवासी ग्राम टोडी के विरुद्ध वर्ष 2019 में आर्म्स एक्ट और रासुका के तहत मामला दर्ज हुआ था। न्यायालयीन कार्रवाई से लगातार फरार रहने के कारण राघौगढ़ न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था।



# स्कूल संचालकों की बैठक में चुनौतियों पर मंथन

**गुना।** शहर के नेशनल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में जिले के निजी स्कूल संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शाम 4 बजे शुरू हुई इस बैठक में जिले भर के विभिन्न स्कूलों के संचालकों ने हिस्सा लिया और शिक्षा क्षेत्र में आ रही व्यवहारिक समस्याओं पर रणनीति तैयार की। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष रंधावा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में निजी विद्यालयों के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनका समाधान केवल आपसी एकजुटता और साझा प्रयासों से ही संभव है। बैठक के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से आए संचालकों ने अपने संस्थानों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से साझा किया। कार्यक्रम में संभाग स्तर से उपस्थित अभिषेक श्रीवास्तव (शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल) और नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। बैठक में स्मृति पब्लिक स्कूल के संचालक आदित्य श्रीवास्तव, सरस्वती शिक्षा मंदिर के संचालक प्रमोद भार्गव, आकांक्षा पब्लिक स्कूल के संचालक सुनील आचार्य सहित नेशनल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की संचालिका और जिले के अनेक निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

**हमला** — शराब के नशे में आपस में उलझ रहे थे आरोपी

# बीच सड़क पर उत्पात मचा रहे युवकों ने पुलिसकर्मी को पीटा

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मी ही अब सुरक्षित नहीं हैं। बीती रात गुना के कैंट थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बीच सड़क पर गाली-गलौज और हंगामा कर रहे युवकों को टोकना एक प्रधान आरक्षक को भारी पड़ गया। बेखौफ आरोपियों ने न केवल पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता की, बल्कि थप्पड़ मारकर उनकी पिटाई भी कर दी।**

घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे की है। यातायात थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक पंकज भट्ट अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्हें थाने के बाहर स्थित आस्था होटल के सामने से जोर-जोर से चिल्लाने और शोर-शराबे की आवाजें सुनाई दीं। जब पंकज भट्ट ने मौके पर जाकर देखा तो 4-



5 युवक आपस में गाली-गलौज कर रहे थे और सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचा रहे थे। एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी के नाते जब उन्होंने युवकों को शांत होने और वहां से जाने को कहा, तो नशे और जोश में चूर युवक भड़क गए। पंकज भट्ट द्वारा दी गई हिदायत इन युवकों को इतनी नागवार गुजरी कि तीन युवक सीधे पुलिसकर्मी के पास आए और उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

जब प्रधान आरक्षक ने गंदी गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने पंकज भट्ट के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे उनकी गर्दन और पीठ में चोटें आई हैं।

**वायरलेस पर गूंजी आवाज, तब पहुंचे चीता जवान**

मामला बिगड़ता देख घायल पुलिसकर्मी ने तुरंत वायरलेस से कंट्रोल रूम को सूचना दी। खबर मिलते ही चीता मोबाइल पर तैनात प्रधान आरक्षक नवनीत श्रीवास्तव और शहबाज खान तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पूछताछ में हमलावर युवकों की पहचान शिवलाल, विनोद और राजेन्द्र निवासी ग्राम गणेशपुरा थाना म्याना के रूप में हुई है।

**वीडियो फुटेज आया सामने**

इस पूरी घटना का एक वीडियो फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवकों की दबंगई साफ देखी जा सकती है। पंकज भट्ट की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। वर्दी पर हाथ उठाने वाले इन उपद्रवियों के खिलाफ अब पुलिस सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है कि जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता का क्या होगा?




# छात्र संगठन डीएसओ ने किया अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले का स्मरण

**गुना।** छात्र संगठन एआई डीएसओ की कॉलेज कमेटी द्वारा पीजी कॉलेज में शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 200वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने नवजागरण काल के महान मनीषियों और क्रांतिकारियों की वेशभूषा धारण कर उनके विचारों को जीवंत किया।

कार्यक्रम में कॉलेज कमेटी अध्यक्ष शुभम राव ने ज्योतिबा फुले के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जातिवाद, छुआछूत और महिला शिक्षा के खिलाफ उस दौर में आवाज उठाई जब समाज में भारी कुरीतियां व्याप्त थीं। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित कर देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनाया और शोषितों के लिए स्कूल खोले। संगठन ने वर्तमान में सरकारी स्कूलों के बंद होने पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे मनीषियों के संघर्षों के विपरीत बताया। सचिव रक्षा मीना ने भी छात्रों को संबोधित किया, जबकि संचालन कृष्ण बिजोरी ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्रों ने प्रगतिशील गीतों के माध्यम से 'स्कूल बचाओ आंदोलन' को तेज करने का संकल्प लिया।